दैनिक भास्कर

2025-08-19

रायसेन (4)

# री-केवाईसी प्रक्रिया की दी जानकारी

**अदनान खान | सलामतपुर**

सोमवार को सांची जनपद के ग्राम मेंढकी में वित्तीय समावेशन एफआई संतृप्ति अभियान के तहत विशेष शिविर लगाया गया। इसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक एम. वी. मुरली कृष्णा, भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, एसएलबीसी संयोजक धीरज गोयल, केनरा बैंक के अंचल प्रमुख प्रवीण काबरा, यूको बैंक के अंचल प्रमुख लोकेश कुमार सहित कई बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। यह अभियान भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर 30 सितम्बर 2025 तक देश की हर ग्राम पंचायत में चलाया जा रहा है। शिविर में एम. वी. मुरली कृष्णा और रेखा चंदनावेली ने ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने री-केवाईसी प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और वित्तीय साक्षरता पर जानकारी दी। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना में नामांकन, 10 साल या उससे पुराने निष्क्रिय खातों की केवाईसी, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और आरबीआई के अदावी जमा खातों से राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।




सलामतपुर। अधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर